Literacy for a Billion

Movie: Sujata
Year: 1959

Song: Jalte Hain Jiske Liye
Lyricist: Majrooh Sultanpuri

जलते हैं जिसके लिए
तेरी आँखों के दिए
ढूँढ़ लाया हूँ वो ही
गीत मैं तेरे लिए
जलते हैं जिसके लिए

जलते हैं जिसके लिए
तेरी आँखों के दिए
ढूँढ़ लाया हूँ वो ही
गीत मैं तेरे लिए
जलते हैं जिसके लिए

दर्द बनके जो मेरे
दिल में रहा
ढल न सका
जादू बनके
तेरी आँखों में रुका
चल न सका

दर्द बनके जो मेरे
दिल में रहा
ढल न सका
जादू बनके
तेरी आँखों में रुका
चल न सका

आज लाया हूँ वो ही
गीत मैं तेरे लिए
जलते हैं जिसके लिए

दिल में रख लेना इसे
हाथों से ये
छूटे न कहीं
गीत नाजुक है मेरा
शीशे से भी
टूटे न कहीं

दिल में रख लेना इसे
हाथों से ये
छूटे न कहीं
गीत नाजुक है मेरा
शीशे से भी
टूटे न कहीं

गुनगुनाऊँगा यही
गीत मैं तेरे लिए
जलते हैं जिसके लिए

जब तलक ना ये
तेरे रस के भरे
होंठों से मिले
यूँ ही आवारा
फिरेगा ये तेरी
जुल्फ़ों के तले

जब तलक ना ये
तेरे रस के भरे
होंठों से मिले
यूँ ही आवारा

फिरेगा ये तेरी
जुल्फ़ों के तले

गाए जाऊँगा यही
गीत मैं तेरे लिए

जलते हैं जिसके लिए
तेरी आँखों के दिए
ढूँढ़ लाया हूँ वो ही
गीत मैं तेरे लिए
जलते हैं जिसके लिए

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.